ओम् शान्ति

29 सितम्बर 2013 ओ•आर•सी

अव्यक्त बापदादा जी के अति स्नेही सर्व ब्राह्मण कुल भूषण भाई–बहनों को

ओ•आर•सी से याद स्वीकार हो।

बाद समाचार ब्रह्माकुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग द्वारा ओ•आर•सी में 28 व 29 सितम्बर को समाज सेवी संस्थाओं व समाज सेवा से जुड़े हमारे अन्य भाई–बहनों के लिए दो दिवसीय **हैल्दी हैप्पी सोसायटी थ्रु सेल्फ डिसिप्लीन** नामक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से दो हज़ार से भी अधिक भाई–बहनें ओ•आर•सी में पहॅुचे। 28 सितम्बर सांय 6 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ, जिसमें सर्वप्रथम चंडीगढ़ के प्रोफेसर बीके ओंकार भाई ने प्रोजेक्ट के माध्यम से समाज सेवा प्रभाग द्वारा हुई अब तक की सेवाओं को सार में बताया।

तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित आदरणीय भ्राता अमीरचन्द भाई, आशा दीदी, सरला दीदी व निमंत्रण पर पधारे सभी मंचासीन अतिथिगणों ने कार्यक्रम के विषय **रिलैक्सड् माइड एण्ड स्ट्रैस फ्री सोसायटी** पर अपने–अपने विचार व्यक्त किए। रोटरी इंटरनेशनल, एलाइन्स इंटर नेशनल, वृद्ध सेवा समिधि, लीगल एण्ड ह्यूमन राइट्स, जैसे समाज सेवी संस्थानों के डायरेक्टर्स, चेयर पर्सन्स प्रैजीडेन्ट्स आदि इस सम्मेलन में उपस्थित थे।

29 सितम्बर प्रातः 7 बजे भ्राता अमीरचन्द भाई ने सभी को ईश्वरीय ज्ञान से लाभान्वित किया, उसके पश्चात ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन ने इनर स्ट्रैन्थ ऑफ सोशल लाइफ विषय पर सभी को संबोधित किया। प्रातः 10 बजे कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन द्वारा दादी रूक्मणी जी एवं अन्य अतिथिगणों ने उद्घाटन किया। तत्पश्चात सभी वक्तागणों ने अपने–अपने वक्तव्यों को सभी के बीच रखा और ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की सच्ची समाज सेवा करने की खूब सराहना भी की। इस सुन्दर कार्यक्रम के माध्यम से अनेक आत्माओं को बाबा का दिव्य संदेश मिला। तेज वर्षा होने पर भी भाई–बहनें इस कार्यक्रम में पहॅुचे।

ओम् शान्ति!